तेरा मेरा साई जन्मो का नाता

तेरा मेरा साई जन्मो का नाता,
भूल न जाना मुझे,
आये शरण में तेरे ओ बाबा न ठुकराना मुझे,
ॐ साई राम ॐ साई राम ॐ साई ॐ साई राम,

ध्यान तेरा करके ओ बाबा मंदिर में तुम को बिठाया,
इतने दुखो के बीच में साई तुझको कभी भी न बिसराया,
तुझसे बिछड़ के रहना पड़े वो दिन न दिखाना मुझे,
आये शरण में तेरे ओ बाबा न ठुकराना मुझे,
ॐ साई राम ॐ साई राम ॐ साई ॐ साई राम,

बरसो बरस निर्धन रह कर भी साई तेरे दीप जलाये,
इस जीवन की तकलीफो से हार गये हम जीत न पाए,
बहुत रुलाया अपनों ने साई तुम न रुलाना मुझे,
आये शरण में तेरे ओ बाबा न ठुकराना मुझे,
ॐ साई राम ॐ साई राम ॐ साई ॐ साई राम,

जीवन भर सुख दुःख में ओ साई बन कर रहे मेरी परछाई,
सांसो की डोरी टूट रही है अब तो करिश्मा करदो साई,
सोच लो वरना ताने देगा सारा ज़माना मुझे,
आये शरण में तेरे ओ बाबा न ठुकराना मुझे,
ॐ साई राम ॐ साई राम ॐ साई ॐ साई राम,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/8724/title/tera-mera-sai-janmo-ka-naata-bhul-na-jaana-mujhe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |